हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 5 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 जिले में पर्यटन को दें बढ़ावाः रामविचार



## खबर संक्षेप

### एसआईआर के तहत दस्तावेज सत्यापन के लिए समिति गठित

**बलरामपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, जिला निर्वाचन अधिकारी लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में अपर कलेक्टर आरएस लाल को अध्यक्ष व उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया, जिला योजना एवं सांख्यकी अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षक भू-अभिलेख जितेंद्र कुमार डहरे, एलडीएम अंकित शर्मा, सब पोस्टमास्टर अजय कुमार सिंह, सहायक संचालक शिक्षा रामपथ यादव एवं ई-जिला प्रबंधक देवेश्वर कश्यप को सदस्य बनाया गया है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक नाबालिग चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त को छोड़कर अन्य दोस्तों के साथ घर लौट रहा किशोर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए नाबालिग की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार अजिरमा निवासी सुजीत तिर्की आ. सुशील तिर्की (15 वर्ष) बीती रात लगभग 9 बजे परिजन को बिना बताए ही बाइक लेकर अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से दोस्त को छोड़ने काली घाट गया था। दोस्त को छोड़ने के बाद वापस घर लौटने लगे तभी काली घाट की समीप ही सुजीत तिर्की बाइक से नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया जिससे मौके पर ही अचेत हो गया। घटना के बाद एक दोस्त ने दौड़कर परिचित को घटना की जानकारी दी। परिजन किशोर को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल किशोर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सूने मकान में चोरी करने के मामले में 4 संदेही पकड़े गए

अम्बिकापुर। नवापारा स्थित किराए के सूने मकान का ताला तोड़कर 3 लाख से अधिक चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है। जबकि एक अन्य संदेही की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के नवापारा में किराए के मकान में रह रही कटनी क्षेत्र के बरही खितौली निवासी ज्योति गोस्वामी ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर को वृन्दावन गई थी। इसी बीच 2 जनवरी को मकान मालिक कृष्ण कांत ने फोन कर बताया कि उसके घर में चोरी हुआ है। चोरी होने की जानकारी लगने पर जब ज्योति गोस्वामी धर आई तो देखी घर में रखे लगभग 3 लाख से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने चार संदेहियों को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए संदेहियों में चोरी करने वाले और कुछ खरीदार भी शामिल हैं। पूछताछ में संदेहियों से चोरी की घटना एवं चोरी के सामानों की खरीदी करने वाले आरोपियों की जानकारी मिलने एवं जब्ती होने की संभावना है।

# भूमि पूजन के 9 महीने बाद भी कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण के लिए नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सीएम ने किए थे 13 करोड़ रूपए देने की घोषणा
- राशि के अभाव में अटक सकता है दूसरे चरण का निर्माण

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण की महात्वाकांक्षी योजना राशि के अभाव में अटकती नजर आ रही है। रोपवे निर्माण के लिए पांच महीने का समय गुजरने के बावजूद अभी तक प्रदेश सरकार ने इसके लिए राशि जारी नहीं किया है।

कुदरगढ़ देवी धाम सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ विकासखण्ड ओड़गी में स्थित है जहां कुदरगढ़ की पहाड़ी पर देवी का प्राचीन मंदिर है। कुदरगढ़ पहाड़ी की ऊंचाई समुद्रतल से 2000 फीट है तथा धाम तक पहुंचने के लिए पहाड़ के पत्थरों को काटकर 910 सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। चैत्र एवं शारदीय नवरात्र में धाम में विशाल मेला लगता है तथा दूर-दूर के श्रद्धालु देवी का दर्शन-पूजन करने पहुंचते हैं। पहाड़ की ऊंचाई अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम तक नहीं पहुंच पाते जो पहुंचते है उन्हें घंटों पहाड़ की कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है। मंदिर की देखरेख कुदरगढ़ देवीधाम ट्रस्ट करता है। ट्रस्ट के सदस्य पिछले दो दशकों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे का निर्माण करने की पहल कर रहे हैं लेकिन राशि के अभाव में योजना प्रारभ नहीं हो पा रही थी।



### 13 करोड़ का खर्च

ट्रस्ट ने रोपवे निर्माण के लिए हैदराबाद की आरकॉन इंफ्रा कंपनी का टेंडर स्वीकृत किया है। 10 अगस्त 2025 को टेंडर स्वीकृत करने के उपरांत ट्रस्ट ने एजेंसी को प्रथम चरण के कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए का भुगतान किया था। शासन से राशि मिलने पर ट्रस्ट की राशि वापस लौटाने की शर्त पर कार्य प्रारंभ किया था। एजेंसी ने रोपवे की लंबाई, ऊंचाई पिल्लर बनाने के स्थानों का चयन एवं भूतल के चट्टानों का सर्वे का कार्य पूरा करने के साथ ही डीपीआर भी बना लिया है। द्वितीय चरण का निर्माण प्रारंभ करने के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार एजेंसी को 3 करोड़ का भुगतान करना है। ट्रस्ट के सदस्य इस संबंध में कई बार मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से मिल चुके हैं लेकिन बात आगे नहीं बढ़ने के कारण ट्रस्ट के सदस्य चिंता में है।

### पूर्व में भी हो चुकी है पहल

ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार इसके पूर्व भी कई बार रोपवे निर्माण की पहल हो चुकी है लेकिन राशि के अभाव में निर्माण शुरू नहीं हो सका। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने भी रोपवे निर्माण का भूमि पूजन किया था लेकिन शासन से राशि उपलब्ध नहीं हो सकी। कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े की पहल पर शासन ने डीएमएफ से 3 करोड़ रूपए आरक्षित करने तत्कालीन कलेक्टर को पत्र लिखा था लेकिन राशि ट्रस्ट को उपलब्ध नहीं हो सकी। रोपवे निर्माण के लिए 15 महीने का समय निर्धारित किया गया है।

पूर्व गृहमंत्री एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 अप्रैल को कुदरगढ़ देवी धाम में रोपवे निर्माण का भूमि पूजन किया था तथा निर्माण के लिए 13 करोड़ रूपए देने की घोषणा की थी। शासन से राशि मिलने की उम्मीद में ट्रस्ट ने रोपवे निर्माण का टेंडर भी स्वीकृत कर दिया है। निर्माण एजेंसी को प्रथम चरण में रोपवे निर्माण का सर्वे करने, जमीन के सतह का परीक्षण करने वं डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जो पूर्ण हो चुका है। दूसरे चरण का निर्माण प्रारंभ करने के लिए एजेंसी राशि की मांग कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद ट्रस्ट को अब तक राशि उपलब्ध नहीं हो पाई है। ऐसे में रोपवे निर्माण का कार्य अटकता नजर आ रहा है।

### श्रद्धालुओं को होगी सहुलियत

कुदरगढ़ धाम में रोपवे बनने से श्रद्धालुओं को काफी सहुलियत होगी तथा श्रद्धालु कम समय में देवी का दर्शन कर सकेंगे। पहाड़ी सीढ़ियां चढ़ने के दौरान बुजुर्ग एवं महिला श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण लोग मध्यरात्रि के बाद ही धाम की सीढ़ियां चढ़ना शुरू कर देते हैं। रोपवे बनने से ऐसे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी।

### सीएम ने दिए हैं आश्वासन

राशि के लिए मेरे साथ ट्रस्ट के सदस्य मुख्यमंत्री से मिले थे। मुख्यमंत्री ने शीघ्र राशि जारी करने एवं रोपवे निर्माण में राशि की कमी नहीं होने आश्वासन दिए हैं।

-राम सेवक पैकरा
अध्यक्ष, कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट

## 153 में से सिर्फ 7 समितियां हुई कम्प्यूटरीकृत

# लेखा के कम्प्यूटरीकरण में पिछड़ी सरगुजा की सहकारी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 144 ने अब तक नहीं कराया दो साल के लेखा का ऑडिट

सहकारी समितियों के लेखा-जोखा एवं योजनाओं के क्रियान्वयन को ऑनलाइन करने के मामले में सरगुजा की समितियां फिसड्डी साबित हुई है। छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों की सहकारी समितियों ने अपनी योजनाओं एवं लेखा-जोखा को तत्परतापूर्वक ऑनलाइन कर दिया है जबकि सरगुजा की मात्र 7 समितिया ही इस कार्य को पूरा कर सकी है।

राज्यभर की सहकारी समितियों के कार्यों में एकरूपता लाने के साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने एवं लेखा प्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने सहकार से समृद्धि योजना एवं पीएम किसान समृद्धि योजना की शुरूआत की है। सहकार से समृद्धि योजना के तहत देशभर के सहकारी समितियों के कार्यप्रणाली में एकरूपता लाने के साथ ही सभी तरह की योजनाओं के लेखा-जोखा को ऑनलाइन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों की अधिकांश सहकारी समितियों ने अपने लेखा-जोखा का कम्प्यूटरीकरण का कार्य लगभग पूरा कर लिया है जबकि सरगुजा की समिति में लेखा के कम्प्यूटरीकरण का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। एकीकृत सरगुजा की सभी सहकारी समितियों में अभी भी कैश बुक एवं लेजर का संधारण मैनुअल किया जा रहा है जिसमें त्रुटियां होने की संभावनाएं होती हैं। कई बार लापरवाही के कारण कैशबुक में गलत प्रवृष्टियां भी हो जाती हैं जो गहन छानबीन में आमने आती हैं। लेन-देन की ऑनलाइन प्रवृष्टि होने से त्रुटियों की संभावना कम रहती है साथ ही त्रुटियों को खोजने में भी काफी सहुलियत होती हैं। योजना के तहत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखा का ऑडिट कराने के बाद इसका कम्प्यूटरीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके बाद समितियों को हर लेन-देन को ऑनलाइन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरगुजा की 9 समितियां ही वर्ष 2023-24 का लेखा का ऑडिट करा सकी है वही वर्ष 2024-25 के लेखा का ऑडिट मात्र 23 समितियां करा सकी है। लेखा का ऑडिट नहीं होने के कारण सरगुजा की 154 सहकारी समितियों में लेनदेन ऑनलाइन नहीं किया जा सका है। जिस रफ्तार से सरगुजा की समितियों में योजना का क्रियान्वयन चल रहा है समितियों के लेखा का कम्प्यूटरीकरण होने में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है।



कु

### सुविधाओं में वृद्धि

किसान समृद्धि योजना के तहत भविष्य में सहकारी समितियों के माध्यम से ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाओं का छिड़काव कराने सहित कृषक हित की अन्य योजनाओं को संचालित करने की तैयारी है। इसके लिए सहकारी समितियों में सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही है। भविष्य में कृषि सम्बंधी योजनाओं को समितियों के माध्यम से संचालित करने पर विचार किया जा रहा है। शासन द्वारा हर सहकारी समिति में किसानों के लिए किसान कुटीर का निर्माण किया गया। शेड में किसानों के बैठने एवं मनोरंजन के लिए टीवी की व्यवस्था की गई है भविष्य में समितियों में अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव है।

### संचालित हो रही अन्य सुविधाएं

शासन के निर्देश पर सहकारी समितियों के माध्यम से अब च्वाइस सेंटर की सभी सुविधाएं संचालित की जा रही है। प्रचार-प्रसार के अभाव में क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीणों को इन सुविधाओं के संचालित होने की जानकारी नहीं है। सहकारी समितियों द्वारा जन्म-मृत्यु का पंजीयन, खसरा, बी-1, बिजली बिल भुगतान सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इन सुविधाओं के लिए सहकारी समितियों के संचालक मण्डल द्वारा नाममात्र का शुल्क निर्धारित किया गया है। सहकारी समिति को माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई है तथा इसके लिए समिति प्रबंधक को आईडी भी जारी की गई है। समिति प्रबंधक आवश्यकता पड़ने पर किसी भी किसान को माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10 हजार रूपए तक की राशि भुगतान कर सकता है। माइक्रो एटीएम के लिए शासन द्वारा समितियों को एक छोटा सा डिवाइस दिया गया है।

### मात्र 9 समितियां कम्प्यूटरीकृत

एकीकृत सरगुजा के विभिन्न पांच जिलों में संचालित 153 सहकारी समितियों में से मात्र 7 समितिया ही अब तक कम्प्यूटरीकृत हो सकी है। कम्प्यूटरीकृत समितियों में सूरजपुर जिले की ओड़गी, बतरा, सलका, चंद्रमेढ़ा, सोनगरा एवं सड़गवां जबकि सरगुजा की जमगला समिति शामिल हैं। कम्प्यूटरीकृत सहकारी समितियों में हर लेन-देन की एंट्री कम्प्यूटर के माध्यम से की जा रही है जबकि अन्य सभी समितियों से अभी भी लेन-देन का संधारण मैन्युअल किया जा रहा है।

### प्रबंधक धान खरीदी में व्यस्त

वर्तमान में समिति प्रबंधकों के धान खरीदी में व्यस्त होने के कारण कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रभावित हुआ है। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत धान खरीदी के लिए कुछ प्रबंधकों को अन्यत्र पदस्थ किया गया है जिससे कार्य प्रभावित हुआ है। धान खरीदी पूरी होते ही इसे प्रमुखता के साथ पूरा कराया जाएगा।

-बीकेपी सिंह
विपणन अधिकारी, सहकारी केन्द्रीय बैंक



मृतक के परिजन से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी, इनसेट में मृतक।

# मामूली विवाद में आपस में लाठी डंडा लेकर भिड़े जीजा व साला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- गंभीर रूप से आहत जीजा की उपचार के दौरान हुई मौत

शनिवार को लटोरी चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर में छेरता पर्व के दौरान मामूली बात को लेकर परिवार के सदस्य आपस में लाठी डंडा लेकर भीड़ गए जिसमें एक युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर निवासी रामलल्लू अगरिया चार वर्ष पूर्व गांव के ही ठाकुर राम पैकरा की बेटी टिकेश्वरी से प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह के बाद दोनों बतौर पति पत्नी प्रेम पूर्वक साथ रह रहे थे। शनिवार को गांव में छेरता पर्व पर रामलल्लू और उसका साला गेंद बिहारी दोनों साथ में गांव में किसी परिचित के यहां खाना पीना खाए इसके बाद रामलल्लू अपने साला गेंद बिहारी को अपने साथ अपने घर ले आया। गेंद बिहारी को देख रामलल्लू का छोटा भाई अनिल भड़क गया कहने लगा कि इतना दिन से तुमलोग हमारे यहां नहीं आए आज क्यों आए हो। पुलिस के अनुसार कुछ देर बाद गेंद बिहारी अपने भाई टेम साय पिता ठाकुर सिंह, चाचा जलजीत सहित परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर अपने जीजा राम लल्लू के घर पहुंचा। जिसके बाद सभी ने राम लल्लू और अनिल की लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर फरार हो गए। घटना में रामलल्लू और अनिल को गंभीर चोट के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां अनिल की हालत सामान्य बताई गई। वहीं रामलल्लू की हालत नाजूक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर ले जाया गया। जहां देर रात उपचार के दौरान रामलल्लू अगरिया आ. पुजारी अगिरया (24 वर्ष) की मौत हो गई। घटना की सूचना पर लटोरी पुलिस ने घटना स्थल पहुंच परिजन से घटना की जानकारी ली।

### प्रेम विवाह से नाराज थे टिकेश्वरी के परिजन

बताया गया कि टिकेश्वरी के परिजन प्रेम विवाह से नाराज थे। चार वर्ष से दोनों के परिजन के बीच बातचीत नहीं थी और न ही दोनों परिवार के बीच कोई संबंध था। लड़की पक्ष के लोग रामलल्लू और उसके परिजन से नाराज थे। घटना दिवस को खाने पीने के बाद मामूली सी बात में विवाद इतना बढ़ा कि पुरानी रंजिश से बात हत्या तक पहुंच गई। आज पीएम उपरांत शव को परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शासकीय भूमि को निजी बताकर बिक्री करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अलग-अलग क्षेत्र में 41 लोगों से किया था लाखों की ठगी

शासन की भूमि को निजी स्वामित्व का होना बता कर अवैध रूप से बेचकर लाखों रुपयों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा लोगों को झूठे एवं भ्रामक आश्वासन देकर शासकीय भूमि को अपनी निजी स्वामित्व का होना बताकर अलग-अलग 41 लोगों से लाखो की ठगी किया था।

पुलिस के मुताबिक रनपुरखुर्द अंतर्गत बेनीपुर तकियापारा निवासी नेजारूदीन अंसारी ने कोतवाली आकर रिर्पोट दर्ज कराया था कि अन्य व्यक्ति अलग-अलग जगह से करीब 15-20 साल पहले अम्बिकापुर में आकर किराया के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे थे। इसी बीच मो. रशिद द्वारा शासन की भूमि को अपना बता कर उसे अवैध रूप से बेचा गया एवं लाखो रुपयों की ठगी कर लिया गया है। वर्ष 2008 से 2022 के मध्य मो. रशिद ने अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से ग्राम रनपुर, खैरबार स्थित निवासी लगभग 41 व्यक्तियों को यह विश्वास दिलाया कि वहां की एक निश्चित भूमि उनकी स्वामित्व की निजी भूमि है तथा वैधानिक रूप से विक्रय योग्य है। झूठे एवं भ्रामक आश्वासनों के आधार पर मो. राशिद द्वारा अल्पशिक्षित व्यक्तियों के साथ विक्रय अनुबंध, बिक्री विलेख, निष्पादित किए गए तथा प्रत्येक व्यक्ति से लगभग एक लाख पचास हजार रुपये की राशि लिया गया है। इधर भूमि खरीदने वालों को यह जानकारी या समझ नहीं थी कि भूमि वास्तव में वन भूमि है, जो कानूनन न तो निजी स्वामित्व में हो सकती है और न ही उसका विक्रय किया जा सकता है। जिसका मो. राशिद एवं उनके परिजन ने फायदा उठाते हुए जानबूझकर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया। इधर मो. राशिद द्वारा अपनी धोखाधड़ी को छिपाने के उद्देश्य से भूमि क्रेताओं पर दबाव बनाया जा रहा है कि उसके द्वारा निष्पादित मूल बिक्री विलेख, दस्तावेज उसे वापस कर दें। इधर पुलिस ने पीड़ित व गवाहों के बयान एवं जब्त दस्तावेज के आधार पर आरोपी मो. रशीद को थाना में तलब कर पूछताछ किया गया तो वह जमीन संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया जिस पर पुलिस ने धारा 201जोड़कर गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह, आरक्षक किशोर तिवारी, संजीव पाण्डेय, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।



# सर्द हवाओं के साथ कोहरे ने बढ़ाई ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विक्षोभ पड़ा कमजोर, बढ़ेगी ठंड

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के साथ रविवार को सुबह छाए घने कोहरे के कारण लोग ठंड से परेशान रहे। सुबह 10 बजे धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांसे ली।

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है तथा आगे निकल रहा है। विक्षोभ की नमी के साथ अब उत्तरप्रदेश का कोहरा मध्य भारत में पहुंच रहा है। रविवार को आसमान पर बादलों की मौजूदगी के बीच सुबह पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के साथ घना कोहरा छाया रहा। सुबह कभी बारिश पूर्व का मौसम तो कभी कड़ाके की ठंड का अहसास करा रहा था। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का घनत्व अधिक होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। मौसम विज्ञानी सोमवार को भी कोहरा के प्रभावी रहने एवं घनत्व बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई थी तथा न्यूनतम पारा में क्रमशः वृद्धि होने के बाद ठंड से राहत मिली है। रविवार को भी आसमान पर बादलों की सक्रियता रही। मौसम में आए बदलाव से दिन में अच्छी धूप निकल रही है। जिससे स्वेटर-कोट असहज लग रहे हैं वहीं शाम ढलने के बाद अच्छी ठंड पड़ रही है। एक महीने बाद रविवार को न्यूनतम पारा 10 डिग्री के निकट पहुंचने से ठंड से काफी राहत है। इसके पूर्व 1 दिसम्बर को न्यूनतम पारा 10.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था तथा रविवार को एक महीने की लम्बी अवधि के बाद पारा 9.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। बीच की अवधि में न्यूनतम पारा लगातार 5-6 डिग्री सेल्सियस के मध्य स्थिर रहा।



### पारा में होगी गिरावट

मौसम विज्ञानी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद सोमवार से क्रमशः पारा में गिरावट होने एवं 2-3 दिनों में पारा के पुरानी स्थिति में 5-6 डिग्री सेल्सियस के निकट पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पूर्व में बादलों की आवाजाही बढ़ने पर उत्तर भारत में कहीं-कहीं ओलावृष्टि एवं सरगुजा में बौछारे पड़ने की संभावना एवं ओलावृष्टि होने पर फिर से शीतलहर का प्रकोप शुरू होने की संभावना जताई जा रही थी। ओलावृष्टि नहीं होने के कारण अब शीतलहर चलने की संभावना नहीं है लेकिन कड़ाके की ठंड से आगे भी जारी रहने की संभावना है। दिसम्बर एवं जनवरी में प्रायः हर सप्ताह पछुआ विक्षोभ की सक्रियता रहती है। भविष्य में पछुआ विक्षोभ से मौसम में बदलाव आ सकता है। फिलहाल उत्तर भारत में कोई विक्षोभ सक्रिय नहीं है।

**खबर संक्षेप**

### कृषि महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन आज

**खड़गवां।** इंदिरा गांधी कृषि विवि से संबद्ध कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र खड़गवां के नवनिर्माण कृषि महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सामने खड़गवां में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छग शासन के प्रभारी मंत्री रामविचारनेताम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा।

### टमाटर फिर हुआ लाल सब्जियों के दाम में तेजी



**सोनहत।** खंड स्तर पर बीते कुछ दिनों से विभिन्न हाट-बाजारों में सब्जियों के दामों में तेजी देखी जा रही है। खासकर टमाटर के भाव में जोरदार उछाल आया है। मुख्यालय सहित आसपास के हाट बाजारों में इन दिनों टमाटर 50-60 रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। महंगे टमाटर के कारण ठंड के मौसम में सब्जियां आम लोगों की थाली से लगभग बेस्वाद होती नजर आ रही हैं। स्थानीय किसानों के अनुसार फसलों की आवक सीमित होने के साथ ही मौसम की मार और ठंड से फसल प्रभावित होने के कारण टमाटर के दाम बढ़े हैं।

### युवती का फांसी पर लटका मिला शव

**बैकुण्ठपुर।** शहर के खुटहनपारा क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में रविवार को एक युवती का शव फांसी पर झूलते हुए मिला, इसकी सूचना लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर के खुटहनपारा क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में एक युवती का शव फॉसी पर झूलते मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कार्रवाई शुरू की, तब मृत युवती की पहचान रीना खलखों उम्र 24 वर्ष निवासी गोविंदपुर के रूप में हुई, जो खुटहनपारा क्षेत्र में ही किराए के मकान में रहती थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया, जिसके बाद ही युवती के मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### पीएचई के अधिकारी का कार दुर्घटनाग्रस्त

**बैकुण्ठपुर।** रविवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी की वाहन एनएच 43 किनारे दुर्घटना का शिकार हो गई, लेकिन घटना में वाहन में सवार अधिकारी व चालक सुरक्षित बच गए, लेकिन इस घटना में एक मकान का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग के अधिकारी का कार एनएच 43 पर ग्राम लाई के पास अमृतधारा मोड के पास एक तेज रफ्तार बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मकान से टकरा गया, इससे मकान के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कार में सवार अधिकारी एवं चालक सुरक्षित रहे, वहीं बाइक सवार भी बच गए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह चल रहा है और इस दौरान भी कई वाहन चालक तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं। शनिवार को अपरान्ह सोनहत के पास कार से तेज रफ्तार बाइक की जोरदार भिडंत हो गई, इसमें एक की मौके पर मौत हो गई थी।

## प्रभारी मंत्री ने विभागवार कार्यों की समीक्षा की

# जिले में पर्यटन को दें बढ़ावाः रामविचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन मंत्री तथा कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान मंत्री श्री नेताम ने जिले में संचालित विभिन्न नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कोरिया मोदक लड्डू, सोनहनी शहद उत्पादन सहित जिले में चल रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ ने मंत्री श्री नेताम को बताया कि वयोवंदना योजना के अंतर्गत 7,632 कार्ड बनाए जा चुके हैं, जो 106 प्रतिशत से अधिक है। वहीं अन्य योजनाओं के तहत कुल 2 लाख 67 हजार 747 कार्ड बनाए गए हैं, जो 96 प्रतिशत प्रगति दशार्ते हैं। प्रदेश के पहले वयोवृद्ध केयर क्लीनिक की जानकारी भी दी गई। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 154 ग्रामों में 2,685 जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने इस बारे में जानकारी दी। मंत्री श्री




समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम।

नेताम ने दलहन-तिलहन के रकबे को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि किसान केवल धान पर निर्भर न रहें, बल्कि उद्यानिकी, फल-फूल, मसाले एवं वैकल्पिक फसलों की खेती को अपनाएं और जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने जिले में पॉम ऑयल उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। युवाओं में बढ़ते सूखा नशा, ड्रग्स एवं इंजेक्शन के उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने इस दिशा में लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण से पूर्व संबंधित विधायक, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं ताकि क्षेत्र के विकास बेहतर हो सके। मंत्री श्री नेताम एवं विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने वन विभाग को चंदन पौधरोपण बड़े पैमाने पर करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। श्री नेताम ने सभी लोगों को नव वर्ष व छेरछेरा के बधाई देते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि समय पर स्वीकृत कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनता के लिए और उनके सरोकार के लिए कार्य करने संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने जिले में संचालित बुजुर्ग स्वास्थ्य केन्द्र का तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उसे पूरा करने का प्रतिबद्ध हैं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला वन मंडलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश कुमार पटेल, सोनहत एसडीएम अंशुल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंत्री आज एमसीबी जिले के प्रवास पर

छग शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन तथा पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम सोमवार 5 जनवरी को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री श्री नेताम प्रातः 10:45 बजे सर्किट हाउस मनेन्द्रगढ़ से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे और सुबह 11 बजे जनपद पंचायत खड़गवां पहुंचकर कृषि महाविद्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:30 बजे मंत्री श्री नेताम ग्राम सरभोका स्थित केबी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग पहुंचेंगे, जहां आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के जन्म दिवस समारोह में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं देंगे। दोपहर 3 बजे मंत्री ग्राम पंचायत बंजी के गुरूचौहवा पारा, आल्हामाड़ा पहुंचकर पारंपरिक छेरता तिहार कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस दौरान वे छग की लोक संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। शाम 5 बजे मंत्री कलेक्ट्रेट कार्यालय मनेन्द्रगढ़ पहुंचकर जिला समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# हेलमेट नहीं पहनने से गई शिक्षक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के थाना कोटाडोल अंतर्गत ग्राम नेरुवा में 1-2 जनवरी की दरम्यानी रात एक दुखद सड़क दुर्घटना घटित हुई। इसमें एक शिक्षक की जान चली गई। यह हादसा एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि यातायात नियमों की अनदेखी कितनी भारी पड़ सकती है।

- कोटाडोल थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नेरूवा निवासी अंबिका प्रसाद सिंह पिता स्व. सुदर्शन सिंह बालन उम्र 48 वर्ष जो कि ग्राम नेरूवा प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। रात के समय बिना हेलमेट मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में उनके सिर में गंभीर चोटे आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी 02 जनवरी 2026 की सुबह मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रार्थी लाल विजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया गया एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई। इस हादसे को लेकर पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि यह घटना स्पष्ट रूप से बताती है कि सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट ना पहनना कितना घातक हो



घटनास्थल।

सकता है। यदि मृतक ने हेलमेट पहना होता तो संभवतः उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। यातायात नियमों का पालन करें। लापरवाही से बचें और अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को सर्वोपरि रखें। यातायात नियम अपनाएं, सुरक्षित रहें। यही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा मंत्र है।

# चरित्र शंका में पत्नी की नृशंस हत्या आरोपी पति को आजीवन कारावास

**मनेन्द्रगढ़।** प्रथम अपर सत्र न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने चरित्र शंका के चलते पत्नी की नृशंस हत्या करने के मामले में आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास तथा धारा 201 के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक गोपाल ने बताया कि ग्राम मुकिल पंडोपारा, कोटाडोल (एमसीबी) निवासी रामलल्लू उर्फ लालमन पंडो उम्र 25 वर्ष ने 5 मार्च 2023 की रात करीब 1:30 बजे अपनी पत्नी राजकुमारी की चरित्र शंका में हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को सिरिया नाला स्टॉपडेम के पास फेंक दिया था। सुबह करीब 7 बजे ग्राम के सरपंच पति सरजू पंडो को स्टॉपडेम के पास शव मिलने की



सूचना मिली, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर महिला का शव निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला। पीठ और कमर के पास गंभीर चोटों के निशान पाए गए। मृतका के घर के पीछे संघर्ष के निशान मिले, साथ ही मोतीमाला, झुमका, टूटा-बिखरा सामान और ब्लाउज व पेटीकोट की रस्सी भी बरामद की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसने पत्नी के पीठ, कमर, सीना और गुप्तांगों में मारपीट की, फिर उसे जमीन पर पटककर घसीटते हुए स्टॉपडेम के पीछे ले गया, जहां पानी में डुबोकर गला दबाकर हत्या की। प्रकरण की सुनवाई उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।




बैकुण्ठपुर। जब ठंड हद से बढ़ने लगी तो इंसान और बेजुबान एक ही आंच पर मिलने लगे। यह तस्वीर शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के अलाव स्थल की हैं, जहां रविवार की सुबह यह दृश्य देखने को मिला।

### नपं नई लेदरी को मिला नेता प्रतिपक्ष

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत नई लेदरी की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद विकास दिवान को नगर पंचायत नई लेदरी का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पूर्व विधायक गुलाब कमरो और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की अनुशंसा पर की गई है, जिसे संगठन ने औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद विकास दिवान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं और संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है।

# यातायात नियमों के पालन की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 जनवरी से राष्टीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 4 जनवरी को कुमार चौक बैकुंठपुर में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- एरोबिक्स के साथ मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे भी उपस्थित रहे। उक्त आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के निर्देशन में बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को एरोबिक्स के माध्यम से व्यायाम कराया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और



लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ओवरस्पीडिंग व नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नियमों का उद्देश्य दंड नहीं बल्कि जीवन की रक्षा है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जिलेवासियों से हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने, महिला सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार रवैया अपनाने और बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को सीमित गति से वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा मोबाइल का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए, जबकि उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, एनसीसी कैडेट्स, महिलाएं, बच्चे सहित काफी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में कथा, कविता संवाद कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कथा-कविता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध साहित्यकार अनामिका चक्रवर्ती की नवीन कृति एक अरसे बाद का विमोचन रहा, जो गरिमामय एवं साहित्यिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी इंद्रा सेंगर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में सूरजपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ब्रजलाल साहू, कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य राम किंकर पाण्डेय तथा लेखिका अनामिका चक्रवर्ती मंचासीन रहे। कार्यक्रम का कुशल और प्रभावशाली संचालन वीरांगना श्रीवास्तव ने किया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि कथा और कविता मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे साहित्यिक आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, विचारशीलता एवं रचनात्मक दृष्टि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नपा के पाइप लाइन व सफाई कार्यों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 6 एवं 12 में पेयजल पाइप लाइन एवं साफ-सफाई कार्यों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में सहायक अभियंता, उप अभियंता, जल प्रभारी, स्वच्छता प्रभारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 6 में कुछ स्थानों पर निजी नल कनेक्शन नाली के ऊपर से लिए गए पाए गए, जिन्हें नाली के किनारे से पाइप लाइन ले जाने के निर्देश दिए गए। परशुराम चौक के पास नई पाइप लाइन से कनेक्शन देने के लिए खुदाई कार्य प्रारंभ किया गया है तथा पुराने कनेक्शन बंद कर नवीन लाइन से कनेक्शन लेने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 12 में नगर पालिका कार्यालय के पीछे बड़े नाले के पास एवं सौभाग्यम हॉस्पिटल के समीप



निजी नल कनेक्शनों को नाली के ऊपर से न ले जाने के लिए संबंधित नागरिकों को सूचित किया गया। ग्रामीण बैंक के पास स्थित नई नाली के मध्य पाइप लाइन से वर्तमान में कोई घरेलू कनेक्शन नहीं होने की जानकारी भी दी गई।

नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि उक्त पाइप लाइन लगभग 20-40 वर्ष पूर्व बिछाई गई थी, जबकि शेष वार्डों में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2019 में पाइप लाइन विस्तार किया गया है। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक माह दो बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रयोगशाला में पानी की जांच कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल प्रभारी को वार्डों का नियमित निरीक्षण कर शिकायतों के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने तथा स्वच्छता प्रभारी को पाइप लाइन के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से नियमों के अनुसार नल कनेक्शन लेने एवं स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।

## आसमान में छाए थे बादल, वनांचल में अलाव का सहारा

# जिले का लुढ़का पारा फिर बढ़ी ठंड, कांपने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बादल भरा मौसम साफ होने के बाद फिर से कोरिया जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बीते कुछ दिन बादलों भरा रहने के चलते न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आई थी, लेकिन इसके बाद मौसम साफ होने के बाद कुछ दिन कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

इस दौरान अधिकतम तापमान में दिन के समय भी बढ़ोतरी नहीं होगी, लेकिन न्यूनतम तापमान का पारा गिरेगा, इससे ठंड में तेजी आएगी। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह होने के कुछ घंटों तक आसमान में बादल छाए रहे। इस दौरान कनकनी भारी ठंड का असर का सामना लोगों को पूर्वान्ह तक होता रहा ,इसके बाद जब धूप निकली तब




ठंड से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है। ऐसे में कोरिया जिले में बादलों के छंटने के बाद एक बार फिर से जमकर ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ेगा। वर्तमान में दिन बड़ा जरूर होने लगा है, लेकिन ठंड में कमी नहीं आ रही है। एक सप्ताह बाद मकर सक्रांति का पर्व है, इसके पूर्व लोगों को जमकर ठंड के असर का सामना करना पड़ेगा।

**सुहानी लगने लगी सूर्य की धूपः** वर्तमान में शाम ढलने के बाद एवं सुबह के कुछ घंटों तक तेज ठंड का असर बना हुआ है। सुबह के समय इस समय सूर्य का धूप सुहानी लगने लगा है,इस कारण लोग सुबह उठकर गुनगुनी धूप में अपने शरीर को गर्म करते हैं, लेकिन यही धूप दोपहर के समय तेज लगने लगती है।

### वनांचल में अधिक ठंड का असर

कोरिया जिले के पठारी एवं वनांचल क्षेत्रों में आने वाले कुछ दिनों तक अत्यधिक ठंड का असर होगा। दिसंबर के अंतिम दिनों से जिले के पठारी सोनहत क्षेत्र में सबसे अधिक ठंड के असर का सामना करना पड़ा। इस दौरान घर के बार खुले आसमान में थाली में रखा पानी मोटे बर्फ में तब्दील हो गया था, वहीं इसके बाद भी ठंड का कहर कोरिया के वनांचल एवं पठारी क्षेत्रों में जारी है। यही कारण है कि वनांचल क्षेत्रों में शाम ढलते ही लोग अपने घरों सुरक्षित रहने लगे हैं।

### बादल छटते ही ठंड बढ़ी

सोनहत। खंड स्तर पर विगत दो दिनों से आसमान में छाए बादल 3 जनवरी को सुबह लगभग 8 बजे के बाद छंटते नजर आए। बादलों के हटते ही पूरे क्षेत्र में ठंड का असर दिनभर बना रहा। हालांकि सुबह 8 बजे तक बादलों के कारण ठंडक अपेक्षाकृत कम महसूस की गई, लेकिन बाद में हल्की ठंडी हवाओं के चलने से मौसम में तेजी से बदलाव आया। दिनभर खिली धूप के बावजूद शीतलहरी हवाओं के चलते ठंड का प्रभाव लगातार बना रहा। स्थानीय ग्रामीण एवं किसानों के अनुसार बारिश की संभावना अचानक खत्म होने और आसमान साफ होने से आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से मिले अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एमसीबी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माबूद अली का भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा स्वागत किया गया।

भाजपा कार्यालय बड़ा बाजार चिरमिरी में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर माबूद अली का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन को और मजबूत होने की उम्मीद जाहिर की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अली बीजेपी



के पुराने कार्यकर्ता हैं एवं लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं। उनके नेतृत्व में जिले में भाजपा संगठन गांव-गांव तक अपनी पहुंच बनाएगा ऐसी उम्मीद है। नवनियुक्त अध्यक्ष माबूद अली ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है ।

## खबर संक्षेप

### अब आवासीय सपनों को मिलेगा कानूनी आधार

**राउरकेला।** ओडिशा राज्य आवास बोर्ड ओएसएचबी की विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में रहने वाले हजारों आवंटियों के लिए राहत भरी खबर है। बोर्ड ने राउरकेला स्थित अपनी चार प्रमुख आवासीय परियोजनाओं के आवंटियों को संपत्ति का विधिवत स्वामित्व अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे वर्षों से स्वामित्व दस्तावेजों की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को जल्द स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। ओएसएचबी के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बसंती कॉलोनी स्थित बोर्ड की सबसे पुरानी आवासीय परियोजना के लिए 28 मार्च 2024 को राउरकेला तहसीलदार के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया गया था। यह आवेदन वर्ष 1978 में बसंती कॉलोनी में म्यूटेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में को लीज पर दी गई लगभग 150 एकड़ भूमि से संबंधित थाए जिसमें साबिक पुराने भूमि अभिलेख और हाल वर्तमान अद्यतन अभिलेख के सह संबंध यानी कोरिलेशन विवरण मांगे गए थे। यह कोरिलेशन डेटा सुंदरगढ़ कलेक्टर के समक्ष भूमि के म्यूटेशन नामांतरण हेतु पुनरीक्षण याचिका दायर करने के लिए अनिवार्य था। अब तहसील कार्यालय द्वारा बसंती कॉलोनी के भूखंडों का हाल और साबिक कोरिलेशन डेटा उपलब्ध करा दिए जाने के बाद, बसंती कॉलोनी में म्यूटेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में जल्द ही कलेक्टर के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर करने की तैयारी में है।

### अटकी हैं कई परियोजनाएं 2025 में नहीं हो पाई पूरी

**राउरकेला।** वर्ष 2025 समाप्त हो चुका है, लेकिन शहर में चल रही कई परियोजनाएँ अब तक पूरी नहीं हो सकीं। कई योजनाओं की घोषणाएँ तो हुईं, पर उनका कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। पूर्व सरकार के समय जैसी स्थिति थीए नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद भी लगभग वही हालात बने हुए हैं। हालांकि, यह उम्मीद की जा रही है कि अधूरी परियोजनाएँ वर्ष 2026 में पूरी हो जाएँगी और 2025 में घोषित कुछ योजनाओं पर काम शुरू होगा। यदि सरकार और प्रशासन गंभीरता के साथ रुचि दिखाएँए तो 2025 में घोषित परियोजनाएँ धरातल पर उतर सकती हैंए अन्यथा वे केवल घोषणाओं तक ही सीमित रह जाएँगी। लोगों का कहना है कि राजनीतिक दलों में इच्छाशक्ति की कमी के कारण ही शहर की परियोजनाओं की यह दुर्दशा बनी हुई है। मार्च 2025 में सड़क एवं भवन निर्माण मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने वेदव्यास स्थित ब्राह्मणी नदी पर एक अत्याधुनिक कांच के पुल के निर्माण की घोषणा की थी। 450 मीटर लंबे इस पुल के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी और जल्द काम शुरू होने की बात कही गई थी। बाद में यह भी कहा गया कि कांच के पुल के स्थान पर सीमेंट का पुल बनाया जाएगा। लेकिन घोषणा के 9 महीने बाद भी एक ईंट तक नहीं रखी गई।

# कुनकुरी में एटीएम उखाड़ने का प्रयास, पिकअप से पहुंचे बदमाश, रस्सी से खींची पीएनबी की एटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पुलिस पहुंची तो पथराव कर फरार हुए बदमाश

जिले के कुनकुरी नगर में बीती रात एक बड़ी और सनसनीखेज वारदात होते-होते रह गई। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पंजाब नेश्नल बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाशों ने उखाड़कर ले जाने की कोशिश की। वारदात रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अंजाम दी जा रही थी, लेकिन जशपुर पुलिस की सतर्क रात्रि गश्त ने बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

जानकारी के मुताबिक बदमाश एक पीक-अप वाहन से मौके पर पहुंचे। पहले से की गई तैयारी के तहत उन्होंने एटीएम मशीन को रस्सी से बांधा और वाहन से खींचते हुए उसे उखाड़ लिया। मशीन को पीक-अप में लोड करने की तैयारी चल ही रही थी, तभी रात्रि गश्त पर निकली कुनकुरी पुलिस टीम वहां पहुंच गई। पुलिस को देखते ही बदमाशों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम ने जब पीछा किया तो आरोपियों ने भागते हुए पुलिस वाहन पर पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में पुलिस वाहन का शीशा टूट गया और वाहन को नुकसान पहुंचा, हालांकि पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। अंधेरे और जंगलनुमा इलाके का फायदा उठाकर बदमाश फरार हो गए।







### जंगल में छोड़ा वाहन

बताया जा रहा है कि आरोपी पीक-अप वाहन से तपकरा की ओर भागे और कुंजारा जंगल के पास वाहन छोड़कर फरार हो गए। मौके से बरामद पीक-अप वाहन का नंबर जेएच 07 ई 9167 बताया जा रहा है।

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। छोड़े गए वाहन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### अलग-अलग टीमें गठित

एटीएम लूट की इस बड़ी कोशिश को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित की हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और सीमावर्ती इलाकों में नाकेबंदी भी की गई है। पुलिस का कहना है कि रात्रि गश्त की वजह से बड़ी चोरी टल गई। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## तमता मेला में कलेक्टर हुए शामिल

# केशलापाठ पहाड़ पर आस्था का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पौष पूर्णिमा पर तीन दिवसीय परंपरागत मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने की खुशहाली की कामना

पौष पूर्णिमा पर जिले के ग्राम तमता स्थित केशलापाठ पहाड़ में आयोजित तीन दिवसीय परंपरागत केशलापाठ मेले में कलेक्टर रोहित व्यास शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 300 से अधिक सीढ़ियों को चढ़ते हुए पहाड़ के ऊपर पहुंचकर देव स्थल में विधिवत दर्शन कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हर वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व छेरछेरा के दूसरे दिन केशलापाठ पहाड़ पर लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में बड़ी संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा केशलापाठ देव स्थल पर आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधाओं के लिए मूलभूत अधोसंरचना विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां सामुदायिक शौचालय की स्वीकृति दी जा चुकी है तथा देव स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने मंच निर्माण को लेकर विधायक द्वारा की गई घोषणा की जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्य भी अगले वर्ष तक पूर्ण हो जाएगा। साथ ही वन विभाग के समन्वय से परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार कर इसे धरातल पर उतारा जाएगा।





### बकासुर का वध

स्थानीय मान्यता के अनुसार आदिकाल में पांडव भीम ने यहां गांव के लोगों को असुरों के आतंक से मुक्त कराने हेतु बकासुर नामक राक्षस का वध किया था, जिसके कारण केशला पहाड़ को विशेष पूज्य देव स्थल के रूप में जाना जाता है। देव स्थल के समीप स्थित एक प्राचीन कुंड में वर्षभर जल भरा रहता है, जिसमें स्नान कर श्रद्धालु स्वयं को शुद्ध करते हैं और फिर मंदिर में दर्शन हेतु पहुंचते हैं। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां मन्नत मांगने की विशेष परंपरा है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पुनः देव स्थल पहुंचकर नारियल का प्रसाद अर्पित करते हैं। मेले के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम प्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### किलकिलेश्वर धाम में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्राम किलकिला में स्थित प्राचीन शिव मंदिर किलकिलेश्वर धाम का औचक निरीक्षण किया। साथ ही मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की तथा मंदिर के महंत बाबा कपिल दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं समिति के अन्य सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मूलभूत अधोसंरचना एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत मंदिर परिसर में प्रस्तावित बाउंड्रीवाल, स्वागत गेट एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति शीघ्र पूर्ण कर टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके और दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### घाट निर्माण का लिया जायजा

कलेक्टर श्री व्यास ने परिसर में स्थित तालाब में घाट निर्माण के प्रस्ताव की भी जानकारी ली तथा इसकी अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूरी की जाएं। मंदिर समिति द्वारा परिसर में शौचालय की आवश्यकता बताने पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मंदिर परिसर में दो सामुदायिक शौचालय स्वीकृत कर निर्माण कराने के निर्देश दिए, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधा मिल सके। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्थल निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर के समग्र सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



# कई वर्षों से विश्वसनीयता बनाए हुए है हरिभूमिः गुप्ता

- सुदूर इलाके में अखबार पहुंचाना प्रशंसनीयः चौरसिया

**पत्थलगांव/जशपुरनगर।** राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार हरिभूमि के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जशपुर में रविवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव विजय गुप्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सूरज चौरसिया ने किया। कैलेंडर का विमोचन पूजा पाठ के बाद किया गया, ततपश्चात मौजूद लोगों को कैलेंडर की प्रतियां दी गई।

शहर के हृदय स्थल, विश्वकर्मा मंदिर बस स्टैंड में हरिभूमि कैलेंडर विमोचन में लोगों को कैलेंडर देते हुए 9 वर्ष की शुभकामनाएं दी। विमोचन कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव विजय गुप्ता ने हरिभूमि जशपुर जिले की टीम को हरिभूमि कैलेंडर के प्रकाशन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि कई वर्षों से निरंतर अपनी विश्वसनीयता बनाए हुए है। मेरा यह प्रिय अखबार भी है। अधिवक्ता सूरज चौरसिया ने कहा कि 400 किलोमीटर की दूरी तय कर बिलासपुर से प्रकाशन कर निरंतर अपने पाठकों को जशपुर जैसे सुदूर इलाके में हरिभूमि समाचार पत्र पहुंचाकर प्रतिदिन पाठकों के दरवाजे तक अखबार पहुंचाना कई वर्षों से जारी है। हर वर्ष अपने पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं को कैलेंडर मुहैया कराना वाकई तारीफ के काबिल है जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं। इस मौके पर हरिभूमि के संवाददाता जितेंद्र गुप्ता पत्थलगांव, खुर्शीद कुरैशी जशपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

### ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संगठनों का आंदोलन, आज सौपेंगे ज्ञापन

**बिलाईगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केन्द्र एप के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने के आदेश के विरोध में जिले के शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ, सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन, संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ एवं प्राथमिक शाला प्रधानपाठक संघ, जिला–सारंगढ़-बिलाईगढ़ के संयुक्त आह्वान पर 5 जनवरी को दोपहर ढाई बजे बजे बीईओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ प्रतिनिधियों ने बताया कि शिक्षकों से प्राप्त व्यापक असंतोष और अनुरोध को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सभी शिक्षकों से अपील की गई है कि वे भोजन अवकाश उपरांत सामूहिक अर्ध-अवकाश लेकर बीईओ कार्यालय बिलाईगढ़ में उपस्थित हों और आंदोलन को सफल बनाएं। इसलिए हों रहा विरोध शिक्षकों का कहना है कि वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने से कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। डेटा सुरक्षा और निजता पर खतराः ऐप द्वारा मोबाइल के संवेदनशील फीचर्स जैसे गैलरी, कॉन्टैक्ट्स और लोकेशन का एक्सेस मांगा जाना निजता के अधिकार का उल्लंघन है।

# डुमरमुड़ा एवं कोतरलिया की रेडी टू ईट इकाइयों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**रायगढ़।** आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए रेडी टू ईट निर्माण को पुनः महिला स्व.सहायता समूहों से जोड़ने के शासन के निर्णय पर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने डुमरमुड़ा एवं कोतरलिया में स्थापित रेडी टू ईट निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इकाइयों के संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण मानकों के अनुरूप उत्पादन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने महिला स्व.सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा कर रेडीटूईट इकाइयों के संचालन, आवश्यक संसाधनों, मशीनरी एवं प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्पादन प्रारंभ करने से पूर्व सभी मानकों, स्वच्छता व्यवस्था एवं गुणवत्ता नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि महिला स्व.सहायता समूहों के माध्यम से रेडी टू ईट निर्माण की यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिला पंचायत सीईओ ने इकाइयों में स्वच्छता, गुणवत्ता परीक्षण, सुरक्षित भंडारण तथा समयबद्ध आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में लागू किया जा रहा है, जिसमें रायगढ़ जिला भी सम्मिलित



### चोरी, झपटमारी पर पुलिस की सख्ती

**राउरकेला।** शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए राउरकेला पुलिस को एक के बाद एक बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। सेक्टर.7 और सेक्टर.19 थाना पुलिस ने अलग अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी और झपटमारी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर 7 पुलिस ने सेक्टर क्षेत्र में आवासीय क्वार्टरों की एस्बेस्टस छत तोड़कर चोरी करने वाले एक कुख्यात आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पूर्ण चंद्र पटनायक के रूप में हुई हैए जो पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रह चुका है। पुलिस जांच में आरोपी के कब्जे से कई लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण तथा 1 लाख 5 हजार नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह चोरी सेक्टर 8 में हुई थी। पीड़ित रत्नाकर किशन अपनी पत्नी के साथ बाजार गए हुए थे। घर खाली पाकर आरोपी ने शाम के समय एस्बेस्टस छत तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और जल्द ही आरोपी को धर दबोचा।

### जशपुर में कोहरे का कहर

जशपुरनगर। रविवार की सुबह जशपुर जिला मुख्यालय में मौसम ने अचानक करवट ली। तड़के से ही शहर पर घने कोहरे की मोटी चादर छा गई, जिसने सुबह 9 बजे तक पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में बनाए रखा। हालात ऐसे थे कि कुछ ही मीटर आगे का दृश्य धुंध में गायब हो जा रहा था। कोहरे के कारण जनजीवन और यातायात दोनों पर सीधा असर देखने को मिला। घने कोहरे के चलते मुख्य मार्गों, चौराहों और शहर की अंदरूनी सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही।

### जतरा मेले की तैयारियों का आगाज, 7 को ठेका नीलामी

**जशपुरनगर।** जिले की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले जतरा मेला को लेकर प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। मेला आयोजन को लेकर नगर में गतिविधियां तेज हो गई हैं।

नगरपालिका परिषद जशपुर द्वारा मेला ठेका आवंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए नीलामी की तिथि निर्धारित कर दी गई है।नगरपालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को जतरा मेला के ठेका हेतु खुली नीलामी की जाएगी। गत वर्ष जतरा मेला की नीलामी 28 लाख 25 हजार रुपए में संपन्न हुई थी। इस वर्ष शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार 31 लाख रुपए की सरकारी बोली निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मेला ठेका की राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है, उसी क्रम में इस बार बेस प्राइस बढ़ाया गया है। सरकारी बोली 31 लाख तय होने के बाद इस बार नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। स्थानीय ठेकेदारों के साथ-साथ बाहरी व्यापारियों की भी नजर इस ठेका पर बनी हुई है। अब जिलेवासियों की निगाहें 7 जनवरी पर टिकी हैं, जब यह स्पष्ट होगा कि इस वर्ष जशपुर का जतरा मेला किस ठेकेदार के जिम्मे होगा।




छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 4 जनवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ तालाब के सामने, बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. चंद्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS
डॉ. सोनल गाड़िया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. जी.के. दामले — MS, ENT नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. संगीता भारती — चर्म रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई
डॉ. राहुल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस., एम.डी. पैथोलॉजिस्ट
डॉ. आयुषी गुप्ता — न्यूरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. हेमंत कुमार बी — MBBS, DCH, DNB
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गाड़िया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCD (कैंसर रोग विशेषज्ञ)
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. मीना राव
डॉ. सुरभी — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथेरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780, 8224007799, 9425683780, 9406183780, 8224007766, 8224007755, 9406183780, 8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
• गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
• बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
• मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
• मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
• स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
• बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

खबर संक्षेप



## सांसद चिंतामणि महाराज ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम धनेशपुर एवं छुराकोना में प्रधान मंत्री जनमन योजना अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम है कि आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के माध्यम से जनजातीय लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, समावेशी विकास और सशक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## कन्या स्कूल में दिव्यांग बच्चों और पालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण




**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार विकासखंड सूरजपुर के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में किया गया,जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ उनके पालक,समुदाय के लोग और सामान्य बच्चे भी सम्मिलित हुए,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के समावेशन और शाला त्यागी बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस वातावरण निर्माण कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु चर्चा की गई,साथ ही शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, द्वितीय दिवस गैप आइडेंटिफिकेशन फॉर आउट ऑफ स्कूल कार्यक्रम आयोजित हुआ,इसमें शाला त्यागी बच्चों की पहचान करने और उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूरजपुर मनोज कुमार मंडल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। आयोजन को सफल बनाने में बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, मास्टर ट्रेनर्स समावेशी शिक्षा राधा नंदी, योगेश चंद्राकर तथा संकुल समन्वयक गौरीशंकर व अन्य सक्रिय रहे।

## सुभद्रा महिला मंडल ने जरूरतमंदों को वितरण किए कंबल



**बिश्रामपुर।** नव वर्ष के अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल द्वारा क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उनके साथ भोजन ग्रहण किया गया,गौरतलब है कि आज रविवार को बिश्रामपुर के 1बी- 1सी रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों व परिवारों को कंबल वितरण कर मंदिर प्रांगण में ही उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी,इसमें सुभद्रा महिला मंडल के सभी सदस्यों ने जरूरतमंद गरीब नारायण लोगों के साथ मिलकर भोजन किया,जिससे उनके चेहरों में खुशी एवं सम्मानता की झलक देखने को मिली,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा उन्हें स्वच्छता के विषय में भी जागरूक किया गया कि खुद को किस प्रकार स्वच्छ रखकर स्वस्थ जीवन यापन करना है,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से महिला मंडल अपने सेवाकार्य संपादित कर रही है,ताकि हर वर्ग को समानता का एहसास हो और साथ ही उनकी कुछ आवश्यकता भी हम पूरी कर सके, कार्यक्रम में सुभद्रा महिला मंडल की गीता स्वाई, अनुराधा प्रधान,लीलावती स्वाई,मीरा महापात्र, मंजू स्वाई, प्रभासिनी नायक, रीत त्रिपाठी, नीलाद्री साहू, संगीता त्रिपाठी, ममता सेठी, रीता, ससमिता स्वाई, स्मिता कहर,प्रियंका देवरी, दीपा, गीता स्वाई,तुकुनि स्वाई, मिनी,नीतू केशरवानी,बसंती स्वाई व अन्य उपस्थित थे।

## आदिवासी कांग्रेस के कुलदीप बनाए गए प्रभारी महामंत्री



**बिश्रामपुर।** आदिवासी कांग्रेस संगठन में बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया गया है,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कुलदीप कुमार ध्रुव को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस का प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है,उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### ट्रांसपोर्ट नगर में भारी वाहनों को खड़ा करने दिए गए निर्देश

# रिंग रोड पर खड़े भारी वाहनों को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त, हटाई गई यात्री बस व ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिंग रोड़ पर भारी वाहनों के सड़क पर खड़ा होने से न सिर्फ आवागमन बाधित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रिंग रोड़ पर होने वाले दुर्घटना को कम करने तथा बेहतर आवागमन के लिए अब पुलिस प्रशासन सख्त हो गई है। गत दिन यातायात एवं पुलिस टीम द्वारा सड़क पर खड़े वाहन चालकों को समझाइश देने के साथ ही चालानी कार्रवाई की। साथ ही रिंग रोड के बजाए भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ा करने के निर्देश दिए है।

**खास बात**

- यातायात पुलिस ने कुछ वाहनों पर की चालानी कार्रवाई, चालकों को दी गई हिदायत

पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान जागरूकता के साथ साथ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा गत दिन रिंग रोड एवं आसपास के प्रमुख मार्गो मे यातायात के नियमो की अवहेलना कर भारी वाहनो को खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर सख़्ती से कार्रवाई की गई। बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र एवं यातायात पुलिस द्वारा मौक़े पर चालानी कार्रवाई भी की गई। इसके अलावा पुलिस टीम ने रिंग रोड मे भारी वाहनों को खड़ा करने वाले वाहन चालकों विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने भारी वाहन चालकों से कहा कि यातायात के नियमो का पालन करें, भारी वाहनों को रिंग रोड या प्रमुख भीतरी मार्गो पर खड़ी न करें। साथ ही बड़े वाहनों हेतु निर्धारित पार्किंग स्थल ट्रांसपोर्टनगर मे भारी वाहनों को खड़ी करना सुनिश्चित करें। रिंग रोड पर भारी वाहन खड़ी होना पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा सख़्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। गौरतलब है कि शहर के रिंग रोड पर बड़ी संख्या में गैरेज संचालित है और गैरेज के सामने बड़ी संख्या में वाहन मरम्मत कार्य किया जाता है। गांधी चौक से लेकर भारत माता चौक तक अधिकांश गैरेज संचालित है। ऐसे में ट्रक सहित यात्री बस रिंग रोड पर कतार बद्ध एवं बेतरतीब तरीके से खड़े होने से दो पहिया चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।






रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते पुलिस अधिकारी।

### हो चुकी है कई दुर्घटना

रिंग रोड पर कतार बद्ध तरीके से भारी वाहनों के खड़ा होने से मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहनों के लिए कम जगह होती है। ऐसे में मार्ग संकरी होने से न सिर्फ अन्य वाहन चालकों को दिक्कत होती है बल्कि संकरी सड़क होने से कई बाद बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो चुके है। हाल ही में रिंग रोड पर ट्रक के सड़क पर खड़ा होने से बाइक सवार ट्रक से जा टकरा गए जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### नहीं हो सकी शिफ्ट

रिंग रोड के निर्माण से पूर्व ही नगर निगम व प्रशासन द्वारा शहर के रिंग रोड में संचालित गैरेजों को ट्रांसपोर्ट नगर में विस्थापित करने की योजना बनाई थी। नगर निगम द्वारा शहर के 80 गैरेज का चिन्हांकन किया था। जिसके लिए नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में गैरेज संचालित करने के लिए गुमटी सहित विद्युत की व्यवस्था की परंतु कई साल बीत जाने के बावजूद गैरेज शिफ्ट नहीं हो सकी।



## किक बॉक्सिंग जोनल लीग में जिले के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेलो इंडिया अश्मिता किकबॉक्सिंग जोनल लीग 25 से 28 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में देश के 8 राज्यों की टीमों के 495 खिलाड़ी, कोच एवं ऑफिशियल्स ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता वेस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य से 70 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें सरगुजा जिले के किकबॉक्सिंग क्लब से सर्वर एक्का छत्तीसगढ़ के कोच के रूप में शामिल रहे। क्लब से 4 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लो किक इवेंट में स्वाति राजवाड़े ने स्वर्ण पदक, सोनिया सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं प्रीति पैकरा एवं सुनैना यादव ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य, जिला, अपने क्लब, कोच एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ कोच के रूप में सर्वर एक्का, अमन सोनी, सत्यम साहू, सूरज साहू एवं विशाल गायक ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि प्रभात साहू रेफरी के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न वर्गों की महिला खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्गों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 7 स्वर्ण, 5 रजत एवं 21 कांस्य पदक जीते।

सरगुजा किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव एवं कोच सर्वर एक्का तथा संघ के सभी सदस्य श्रीमती वर्षा गुप्ता, दीपक प्रजापति, प्रत्युप्त पांडेय, खेलावन दास, लक्की ठाकुर एवं आशीष तिर्की ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## झारखंड से पहुंचे दंतैल ने 6 घरों में की तोड़फोड़, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

झारखंड से पहुंचे दंतैल ने बीती रात सीमावर्ती ग्राम आनंदपुर में जमकर उत्पात मचाया। दंतैल दो घंटे तक बस्ती में तोड़फोड़ मचाता रहा। भयभीत ग्रामीण अपनी जान बचाने इधर उधर छिपते रहे।

शुक्रवार की रात 2 बजे सीमावर्ती झारखंड जंगल से एक दंतैल पहुंचा एवं आनंदपुर बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ मचाने लगा। जिस समय दंतैल पहुंचा ग्रामीण गहरी नींद में थे। घरों में तोड़फोड़ होने का शोर सुनकर ग्रामीण अपनी जान बचाने परिवार के सदस्यों के साथ इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई। दंतैल बस्ती में घुसते ही घरों में तोड़फोड़ करने लगा। इससे पहले दंतैल ने बाबूलाल पंडो के घर के दरवाजे को उखाड़ा तथा घर में घुसने की कोशिशे करने लगा। असफल होने पर अपने सुंड से कमरे में रखे सामानों को खींच कर इधर उधर फेंकने लगा। दंतैल ने गांव के किफायत अंसारी, राम सुंदर, राम दास, मेहताब आलम, लक्ष्मी नारायण एवं बैजनाथ के घरों में तोड़फोड़ की तथा किसी के घर की दीवार को ढहा दिया तो किसी का छप्पर उजाड़ दिया तथा घरों में रखे सामानों को भी नुकसान पहुंचाया। गांव में दंतैल पहुंचने की सूचना पर वन विभाग दो टीमें पहुंची लेकिन दंतैल का आक्रामक रवैया देख वन कर्मी उसे खदेड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सुबह 4 बजे दंतैल जंगल की ओर गया तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन अधिकारियों के अनुसार दंतैल पिछले एक पखवाड़े से वन परिक्षेत्र रामानुजगंज एवं धमनी के अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचा रहा है। सुबह होते ही वह नदी पार कर झारखंड सीमा में पहुंच जाता है तथा कभी शाम ढलते ही तो कभी मध्यरात्रि में रामानुजगंज एवं धमनी रेंज के अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचाता है। आपसी समन्वय के अभाव में दंतैल के आवागमन की सूचना वन अमले को नहीं मिल पाती जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण भारी दहशत के बीच ठंड भरी रात गुजार रहे है। वन अमला क्षति का आकलन कर रहा है। इस संबंध में धमनी रेंज के परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि दंतैल पिछले 15 दिनों से धमनी एवं रामानुजगंज क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है तथा कभी भी नदी पार कर सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंच जा रहा है। दंतैल के अचानक सीमावर्ती गांवों में पहुंचने से हमेशा खतरा बना हुआ है।



## पैर का जख्म ठीक नहीं होने पर वृद्ध ने पी लिया जहर,मौत

**अम्बिकापुर।** लंबे समय से पैर का जख्म ठीक नहीं होने से परेशान वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी राम नारायण आ. स्व. रजनाथ अगरिया (68 वर्ष) दाहिने पैर के नीचे गहरा जख्म होने से लंबे समय से परेशान था। वृद्ध जख्म की सफाई करने के दौरान कीड़ा होने की आशंका पर जख्म में कीटनाशक लगा लेता था। हालांकि परिजन कीटनाशक लगाने से मना करते लेकिन वृद्ध नहीं मानता। 1 जनवरी को वृद्ध जख्म की सफाई करने के दौरान जख्म में कीटनाशक लगाने के पश्चात कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मंत्री नेताम ने बस को हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी, ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है।

- संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी करेंगें शैक्षणिक भ्रमण

छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। इस दौरान पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल, देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक टंडन, विनोद यादव, हर्ष नारायण शर्मा, गौतम शर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, अजय उपाध्याय, श्रीकांत पाण्डेय, लौकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित रहे।




## आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरगुजा रेड क्रॉस सोसायटी के सभापति आदित्येश्वर शरण सिंहदेव का जिले में आगमन हुआ और सूरजपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने जिला कांग्रेस महामंत्री मनोज डालमिया के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की जिसके बाद तैकिब खान के निवास पर शोक श्रद्धांजलि में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात, गिरवरगंज में शोक श्रद्धांजलि सभा, झूमरपारा में क्रिकेट समापन, कमलपुर में भागवत कथा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जगह -जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक खेलसाय सिंह, कांग्रेस नेता कश्मीरी लाल अग्रवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, राजीव सिंह, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, गैबीनाथ साहू, विष्णु कसेरा, नरेन्द्र यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, नीरज तायल, धर्मेन्द्र सिंह, अविनाश यादव, शरद सिंह, अनवर खान, नैतिक अग्रवाल, अनुराग डालमिया, डब्लू चौबे, सैयद नदीम, लक्ष्मण राजवाड़े, गिरधारी साहू, रुद्र प्रताप सिंह, लिवनेश सिंह, अफरोज अंसारी, हिमांशु सिंह, आकाश सिंह, शिवम साहू, हरि साहू, संतोष साहू, कलकत्ता राजवाड़े, यश दास, पीयूष कुशवाहा, दीप सोनवानी, अमित पैकरा, सोमू खान, डिकेश यादव, सोनू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## जिले में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की मांग, कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने सूरजपुर में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम को ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम का सूरजपुर विश्राम गृह मे स्वागत करने के उपरांत कृषि मंत्री श्री नेताम को अवगत कराया की जिला का गठन वर्ष 2012 मे होने के उपरांत अभी तक जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना नही हो सका है जिससे स्थानीय कृषको को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कृषको की समस्याओ को देखते हुए जिले मे कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की मांग की। जिस पर मंत्री श्री नेताम ने शीघ्र कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, महामंत्री राजू देवांगन, संस्कार अग्रवाल उपस्थित रहे।



## निधन

### मनोहर लाल

**अम्बिकापुर।** शहर के नेहरू वार्ड निवासी मनोहर लाल की 55 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे शनिवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्होंने को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र विशाल ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

